Nivida 16

2\

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, गोरखपुर।

पत्रांक– 16 /25क–64–गोरखपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन/ दिनांक 04 जनवरी, 2018.

अल्प कालिक ई–निविदा सूचना

64–गोरखपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के होने वाले उप निर्वाचन के प्रयोगार्थ टेण्टेज, फर्नीचर, बैरीकेडिंग, विद्युत प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर एवं जनरेटर आदि किराये पर लिये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर में पंजीकृत इच्छुक फर्मो से निविदायें आन लाईन ऑमत्रित की जाती है। निविदा का प्रारूप तथा विस्तृत जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय से कार्यालय दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा फार्म आन लाईन निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 5.1.2018 के 12.00 बजे से दिनांक 13.1.2018 के 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। निविदा का "मूल प्रपत्र" दिनांक 13.1.2018 को सायं 4.00 बजे तक जिला निर्वाचन कार्यालय मे जमा की जायेगी एंव दिनांक 13.1.2018 को सायं 4.30 बजे कार्यालय मे खोली जायेगी। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 13.01. 2018 के 12.00 बजे तक शुद्विपत्र यदि कोई हो, तो उसे निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी जायेगी। काल्पनिक एवं शर्तो पर आधारित निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

क0 सं0	कार्य का विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0में)	धरोहर धनराशि	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
1	नामांकन, स्टेशनरी पैकेटिंग/वितरण, मतदान पर्टियों की रवानगी तथा वापसी, स्ट्राग रूम, मतगणना आदि व्यवथाओं हेतु टेण्टेज, फर्नीचर, बैरीकेडिंग, विद्युत प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर एवं जनरेटर आदि किराये पर लिये जाने हेतु	944.00	130000.00	

शर्ते :–

1– निविदा में दर अंकों/शब्दों में स्पष्ट लिखा जाय।

2– फर्म द्वारा लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर में पंजीकृत होना आवश्यक है।

3– निविदादाता फर्म आयकर का पैन तथा वाणिज्य कर का टिन नम्बर की छायाप्रति संलग्न करना होगा

4– निविदा में जिस फर्म की दर न्यूनतम होगी वह स्वीकार किया जायेगा।

5– सामानों को मुख्यालय/निर्वाचन कार्यालय गोरखपुर तक ले आने तथा ले जाने वाले व्यय को फर्म द्वारा वहन किया जायेगा।

6– निविदा प्रपत्र का शुल्क रु0 944.00 का डिमाण्ड ड्राफ्ट जिला निर्वाचन अधिकारी गोरखपुर के पक्ष मे देय हो या ट्रेजरी चालान के माध्यम से सुसंगत खाते मे जमा कर रसीद संलग्न की जाय।

7– निविदा के साथ जमा की जाने वाली धरोहर राशि जिला निर्वाचन अधिकारी, गोरखपुर के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट के रूप में स्वीकार किया जायेगा। धरोहर धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट /एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो कि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत किय गया हो जिसकी बैधता कम से कम अपलोड किये जाने की तिथि से 3 माह बाद तक हो।

8– निविदा जिला निर्वाचन कार्यालय में रखे शील्ड बाक्स में निर्धारित तिथि व समय तक ही डाले जायेंगे।

9– निविदा स्वीकार होने के पश्चात् फर्म को अलग से रूपये–100–0 के स्टाम्प पेपर अनुबन्ध पत्र आदि की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करनी होगी।

10– उपरोक्त कार्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियित समय के अन्दर पूर्ण करना होगा।

11– निविदा निर्धारित तिथि व समय पर निविदा कमेटी के समक्ष खोली जायेगी।

12– निविदादाता फर्म किसी भी जिला निर्वाचन कार्यालय से अपने कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र लगाना आवश्यक है। उसे वरीयता दी जायेगी।

13– मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2017 में निर्धारित गयी दर के अन्तर्गत निविदा स्वीकार की जायेगी। सामग्री की दर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

14– मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा बजट प्राप्त होने पर ही फर्म से प्राप्त बिलों का भुगतान किया जायेगा।

15– किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार जिला निर्वाचन अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

16– निविदा मे अकिंत सामग्री किसी भी कारण वश ठेकेदार द्वारा उपलब्ध न करा पाने की दशा मे जिस भी दर पर सामग्री बाजार मे उपलब्ध होगी उसी दर से कटौती की जायेगी। इसके अतरिक्त ठेकेदार अर्थदण्ड का भी पात्र होगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
गोरखपुर।

पत्रांक– 16 /25क–64–गोरखपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन/तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित :–

1–उप निदेशक सूचना को इस निर्देश के साथ कि उपर्युक्त निविदा को प्रचलित दो दैनिक स्थानीय समाचार पत्रों न्यूनतम दरों पर प्रकाशित कराकर प्रकाशन की प्रति सत्यापित करते हुये बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय में भेजवाना सुनिश्चत करें।

2–जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी/प्रभारी अधिकारी नजारत/नाजिर सदर के सूचना पटटो पर चस्पा करने हेतु।

3–अपर नगर मजिस्ट्रेट गोरखपुर को सुरक्षा व्यवस्था हेतु।

04/01/2018

उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
गोरखपुर।

Signature Not Verified

Digitally signed by RAMJEET PRASAD
Date: .. :: PST
Location: Uttar Pradesh